**Series PQ2RS/2** **Set – 2**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/2/2**

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ* ***21 + 1*** *मानचित्र हैं ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में* ***34*** *प्रश्न हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
- *Please check that this question paper contains* ***21*** *printed pages* ***+ 1*** *Map.*
- *Please check that this question paper contains* ***34*** *questions.*
- *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
- ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***
- *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*



ZOLLEGE

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***34*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र* ***पाँच*** *खण्डों में विभाजित है –* ***खण्ड क, ख, ग, घ*** *एवं* ***ङ*** *।*

*(iii)* ***खण्ड क*** *– प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***21*** *बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख*** *– प्रश्न संख्या* ***22*** *से* ***27*** *लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***60*** *से* ***80*** *शब्दों में लिखिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग*** *– प्रश्न संख्या* ***28*** *से* ***30*** *दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***8*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***300*** *से* ***350*** *शब्दों में लिखिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ*** *– प्रश्न संख्या* ***31*** *से* ***33*** *तीन उप-प्रश्नों वाले स्रोत-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंकों का है ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ*** *– प्रश्न संख्या* ***34*** *मानचित्र-आधारित प्रश्न है जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं । यह प्रश्न* ***5*** *अंकों का है । मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड ख, ग तथा घ में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । परीक्षार्थी को इन प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखना है ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

## खण्ड क

**(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)** ***21×1=21***

**1.** 1857 के विद्रोह के नेताओं (सूची I) को उनके केन्द्रों (सूची II) के साथ सुमेलित कीजिए और निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | *सूची I (नेता)* | | *सूची II (केन्द्र)* |
|---|---|---|---|
| 1. | नाना साहिब | (i) | अवध |
| 2. | कुँवर सिंह | (ii) | कानपुर |
| 3. | वाजिद अली शाह | (iii) | बिहार |
| 4. | बिरजिस क़द्र | (iv) | लखनऊ |

विकल्प :

(A) 1-(iii), 2-(i), 3-(ii), 4-(iv)

(B) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i), 4-(iv)

(C) 1-(iv), 2-(ii), 3-(iii), 4-(i)

(D) 1-(i), 2-(iv), 3-(ii), 4-(iii)



ZOLLEGE

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **five** Sections – **Sections A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* ***Section A** – question number **1** to **21** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** – question number **22** to **27** are Short Answer type questions. Each question carries **3** marks. Write answer to each question in **60** to **80** words.*

*(v)* ***Section C** – question number **28** to **30** are Long Answer (LA) type questions. Each question carries **8** marks. Write answer to each question in **300** to **350** words.*

*(vi)* ***Section D** – question number **31** to **33** are Source-based questions having three sub-questions. Each question carries **4** marks.*

*(vii)* ***Section E** – question number **34** is Map-based question that includes the identification and location of significant test items. This question carries **5** marks. Attach the Map with the answer-book.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in Sections B, C and D of question paper. A candidate has to write answer for only one of the alternatives in such questions.*

*(ix)* *In addition to this, Note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

## SECTION A

**(Multiple Choice Type Questions)** ***21×1=21***

**1.** Match the Leaders of the Revolt of 1857 (List I) with their Centres (List II) and choose the correct option from the following :

| | *List I* *(Leaders)* | | *List II* *(Centres)* |
|---|---|---|---|
| 1. | Nana Sahib | (i) | Awadh |
| 2. | Kunwar Singh | (ii) | Kanpur |
| 3. | Wajid Ali Shah | (iii) | Bihar |
| 4. | Birjis Qadr | (iv) | Lucknow |

Options :

(A) 1-(iii), 2-(i), 3-(ii), 4-(iv)

(B) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i), 4-(iv)

(C) 1-(iv), 2-(ii), 3-(iii), 4-(i)

(D) 1-(i), 2-(iv), 3-(ii), 4-(iii)


Z@LLEGE

**2.** निम्नलिखित विकल्पों में से संविधान सभा के गठन के प्राथमिक कारण की पहचान कीजिए :

(A) प्रांतों के शासन के लिए एक विधायी निकाय की स्थापना

(B) समन्वय के माध्यम से भारत के विभाजन के मुद्दों को निपटाना

(C) अंग्रेजों के साथ भारत की स्वतंत्रता की शर्तों पर बातचीत करना

(D) स्वतंत्र भारत के शासन के लिए एक मसौदा तैयार करना

**3.** निम्नलिखित में से 'बम्बई दक्कन' में अंग्रेजों द्वारा लागू की गई रैयतवारी प्रणाली की प्राथमिक विशेषता कौन-सी थी ?

(A) ज़मींदारों के माध्यम से अप्रत्यक्ष राजस्व वसूली

(B) ग्राम समुदाय द्वारा भूमि का सामूहिक स्वामित्व

(C) अंग्रेजों का सीधे किसानों के साथ राजस्व समझौता

(D) समानता को बढ़ाने के लिए भूमि जोतदारों को देना

**4.** स्तंभ II में दिए गए संविधान सभा के सदस्यों की भूमिकाओं का स्तंभ I में दिए गए उनके नामों से मिलान कीजिए :

| | *स्तंभ I (सदस्य)* | | *स्तंभ II (संविधान सभा में भूमिका)* |
|---|---|---|---|
| 1. | राजेन्द्र प्रसाद | (i) | मुख्य योजनाकार |
| 2. | एस.एन. मुखर्जी | (ii) | संविधान सभा के अध्यक्ष |
| 3. | जवाहरलाल नेहरू | (iii) | संवैधानिक सलाहकार |
| 4. | बी.एन. राव | (iv) | संविधान सभा में उद्देश्य प्रस्ताव पारित किया |

विकल्प :

(A) 1-(i), 2-(iii), 3-(ii), 4-(iv)

(B) 1-(ii), 2-(iv), 3-(i), 4-(iii)

(C) 1-(iii), 2-(i), 3-(ii), 4-(iv)

(D) 1-(ii), 2-(i), 3-(iv), 4-(iii)

**5.** निम्नलिखित में से कौन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 'उदारवादियों' के समूह से संबंधित थे ?

(A) बाल गंगाधर तिलक

(B) लाला लाजपत राय

(C) बिपिन चंद्र पाल

(D) गोपाल कृष्ण गोखले

**6.** 1857 के विद्रोह से संबंधित निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए और निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. अवध में एकमुश्त बंदोबस्त

II. अवध में सहायक संधि

III. विलियम बेंटिंक की सुधारवादी नीतियाँ

IV. आज़मगढ़ घोषणा

विकल्प :

(A) II, III, I, IV

(B) III, II, IV, I

(C) I, III, IV, II

(D) IV, I, II, III



ZOLLEGE

**2.** Identify the primary reason behind the formation of the Constituent Assembly from the following options :

(A) To establish a legislative body for the governance of provinces
(B) To settle issues of Partition of India through coordination
(C) To negotiate the terms of India's independence with the British
(D) To draft a framework for the governance of independent India

**3.** Which of the following was the primary characteristic of the Ryotwari system implemented by the British in 'Bombay Deccan' ?

(A) Indirect revenue collection through zamindars
(B) Collective ownership of land by village community
(C) The Britishers settled revenue directly with the peasants
(D) Lands were given to the Jotedars to promote equality

**4.** Match the roles of the members of the Constituent Assembly given in Column II with their names in Column I :

| | *Column I (Members)* | | *Column II (Role in the Constituent Assembly)* |
|---|---|---|---|
| 1. | Rajendra Prasad | (i) | Chief Draughtsman |
| 2. | S.N. Mukherjee | (ii) | President of the Constituent Assembly |
| 3. | Jawaharlal Nehru | (iii) | Constitutional Advisor |
| 4. | B.N. Rau | (iv) | Passed the Objectives Resolution in the Constituent Assembly |

Options :

(A) 1-(i), 2-(iii), 3-(ii), 4-(iv) (B) 1-(ii), 2-(iv), 3-(i), 4-(iii)
(C) 1-(iii), 2-(i), 3-(ii), 4-(iv) (D) 1-(ii), 2-(i), 3-(iv), 4-(iii)

**5.** Who among the following belonged to the group of 'Moderates' of the Indian National Congress ?

(A) Bal Gangadhar Tilak (B) Lala Lajpat Rai
(C) Bipin Chandra Pal (D) Gopal Krishna Gokhale

**6.** Arrange the following events regarding the Revolt of 1857 in chronological order and choose the correct option from the following :

I. Summary Settlement in Awadh
II. Subsidiary Alliance in Awadh
III. Reforming policies of William Bentinck
IV. Azamgarh Proclamation

Options :

(A) II, III, I, IV (B) III, II, IV, I
(C) I, III, IV, II (D) IV, I, II, III


ZOLLEGE

**7.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R) । उन्हें ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* इस्तमरारी बंदोबस्त में ज़मींदार राजस्व माँग को अदा नहीं कर पाए और बकाया रकमें बढ़ती गईं ।

*कारण (R) :* सूर्यास्त विधि (कानून) के अनुसार, यदि निश्चित तारीख़ को सूर्य अस्त होने तक भुगतान नहीं आता था तो ज़मींदारी को नीलाम कर दिया जा सकता था ।

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

**8.** अकबर के शासन में भूमि के वर्गीकरण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही सुमेलित है ?

(A) पोलज : भूमि जहाँ सलाना खेती होती थी ।
(B) परौती : भूमि जहाँ पाँच वर्षों से खेती नहीं की गई ।
(C) चचर : भूमि जहाँ एक वर्ष से खेती नहीं की गई ।
(D) बंजर : भूमि जहाँ तीन वर्षों से खेती नहीं की गई ।

**9.** निम्नलिखित में से किस साम्राज्य को "कर्नाटक साम्राज्यमु" कहा जाता था ?

(A) चेर (B) पल्लव
(C) चोल (D) विजयनगर

**10.** इब्न बतूता ने भारत की यात्रा के दौरान किस प्रमुख शहर को 'एक बड़ा शहर, विशाल आबादी वाला तथा भारत में सबसे बड़ा' बताया ।

(A) दौलताबाद (B) आगरा
(C) कलकत्ता (D) दिल्ली

**11.** निम्नलिखित में से किस आदिवासी राजा ने 16वीं और 17वीं शताब्दी के दौरान मुगल साम्राज्य पर काफी प्रभाव डाला और महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई ?

I. पंजाब में लोहानी
II. असम में अहोम
III. बंगाल में कोच
IV. सिंहभूम में कोल

विकल्प :

(A) II, III और IV (B) I, II और III
(C) I, II और IV (D) I, III और IV


ZOLLEGE

**7.** Two statements as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read them carefully and choose the correct option :

*Assertion (A) :* Zamindars in the Permanent Settlement failed to pay the revenue demand and unpaid balances accumulated.

*Reason (R) :* According to the Sunset Law, if payment did not come in by sunset of the specified date, the zamindari was liable to be auctioned.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

(D) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct.

**8.** Which of the following pairs is correctly matched regarding the classification of lands under Akbar ?

(A) Polaj : Land which was cultivated annually.

(B) Parauti : Land uncultivated for five years.

(C) Chachar : Land left uncultivated for a year.

(D) Banjar : Land laid fallow for three years.

**9.** Which of the following empires was called "Karnataka Samrajyamu" ?

(A) Chera (B) Pallava

(C) Chola (D) Vijayanagara

**10.** During Ibn Battuta's travels in India, which prominent city did he visit and describe as 'a vast city, with a great population, the largest in India ?

(A) Daulatabad (B) Agra

(C) Calcutta (D) Delhi

**11.** Which of the following tribal kingdoms exerted considerable influence and played a significant role in the Mughal Empire during the $16^{th}$ and $17^{th}$ centuries ?

I. Lohanis in Punjab

II. Ahoms in Assam

III. Koch in Bengal

IV. Kols in Singhbhum

Options :

(A) II, III and IV (B) I, II and III

(C) I, II and IV (D) I, III and IV



ZOLLEGE

**12.** रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।
विजयनगर की भौगोलिक स्थिति के विषय में सबसे चौंकाने वाला तथ्य __________ नदी, जो उत्तर-पूर्व दिशा में बहती है, द्वारा यहाँ निर्मित एक प्राकृतिक कुण्ड था ।

(A) नर्मदा (B) गोदावरी
(C) कावेरी (D) तुंगभद्रा

**13.** निम्नलिखित जानकारी की सहायता से शेख निज़ामुद्दीन औलिया के शिष्य की पहचान कीजिए :


- वह मध्यकाल के एक महान कवि और संगीतकार थे ।
- इन्होंने चिश्ती समा को एक अनूठा रूप दिया ।
- इन्होंने कव्वाली की शुरुआत की ।

(A) बाबा फरीद (B) दाता गंज बख्श
(C) अमीर खुसरो (D) ज़ियाउद्दीन बरनी

**14.** "पूर्व और पश्चिम की तुलना" करते समय निम्नलिखित में से किसको फ्राँस्वा बर्नियर ने अपना लेखन समर्पित किया ?

(A) लुईस XIV (B) चार्ल्स IX
(C) लुईस IX (D) फिलिप II

**15.** साँची स्तूप की 'A' द्वारा अंकित संरचनात्मक विशेषता की पहचान कीजिए और निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :




(A) हर्मिका (B) यष्टि
(C) छत्री (D) अंड

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. **15** के स्थान पर है :*
निम्नलिखित में से कौन-सा स्तूप भोपाल, मध्य प्रदेश में स्थित है ?

(A) नागार्जुनकोण्डा (B) शाहजी की ढेरी
(C) साँची (D) अमरावती


ZOLLEGE

**12.** Fill in the blank.

The most striking feature about the location of Vijayanagara was the natural basin formed by river __________ which flows in a north-easterly direction.

(A) Narmada (B) Godavari

(C) Kaveri (D) Tungabhadra

**13.** Identify the disciple of Shaikh Nizamuddin Auliya with the help of the following information :

- He was a great poet and musician of medieval period.
- He gave a unique form to Chishti sama.
- He introduced qawwali.

(A) Baba Farid (B) Data Ganj Bakhsh


(C) Amir Khusrau (D) Ziyauddin Barani

**14.** To whom among the following did François Bernier dedicate his writing "Comparing East and West" ?

(A) Louis XIV (B) Charles IX

(C) Louis IX (D) Phillip II

**15.** Identify the structural feature marked 'A' of Sanchi Stupa and choose the correct option from the following :




(A) Harmika (B) Yashti

(C) Chhatri (D) Anda

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates,*** *only in lieu of Q. No.* ***15*** *:*

Which one of the following stupas is located in Bhopal, Madhya Pradesh ?

(A) Nagarjunakonda (B) Shahji-ki-Dheri

(C) Sanchi (D) Amaravati



ZOLLEGE

**16.** स्तंभ I का मिलान स्तंभ II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | *स्तंभ I* *(प्राचीन मंदिर)* | | *स्तंभ II* *(स्थान)* |
|---|---|---|---|
| 1. | देवगढ़ | (i) | तमिलनाडु |
| 2. | महाबलीपुरम् | (ii) | महाराष्ट्र |
| 3. | कैलाशनाथ | (iii) | बिहार |
| 4. | बराबर | (iv) | उत्तर प्रदेश |

विकल्प :

(A) 1-(i), 2-(ii), 3-(iii), 4-(iv)

(B) 1-(ii), 2-(iii), 3-(iv), 4-(i)

(C) 1-(iv), 2-(i), 3-(ii), 4-(iii)

(D) 1-(iii), 2-(iv), 3-(i), 4-(ii)

**17.** हड़प्पा के निर्वाह के तरीकों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(A) पकी मिट्टी से बने बैलों के प्रतिरूप (वृषभ मृण्मूर्तियाँ) जुताई को इंगित करते हैं ।

(B) समकोण पर हल रेखाओं के दो समूह दो फ़सलों के उगाए जाने को इंगित करते हैं ।

(C) अफ़गानिस्तान, शोर्तुघई में नहरों के अवशेष मिले हैं ।

(D) सिंध में सिंचाई के लिए गहरे जलाशय मिले हैं ।

**18.** पाणिनि की पुस्तक '*अष्टाध्यायी*' निम्नलिखित में से किस विषय पर आधारित है ?

(A) पुराण (B) व्याकरण

(C) गणित (D) चिकित्सा (आयुर्वेद)

**19.** निम्नलिखित जानकारी की सहायता से प्राचीन वंश की पहचान कीजिए :

- इन्होंने भव्य सोने के सिक्के जारी किए ।
- प्रशस्ति के माध्यम से वहाँ के इतिहास का पुनर्निर्माण किया जा सकता है ।
- हरिसेन इनके एक शासक के यहाँ दरबारी कवि थे ।

(A) चोल वंश (B) सातवाहन वंश

(C) कुषाण वंश (D) गुप्त वंश


ZOLLEGE

16. Match Column I with Column II and choose the correct option :

| | *Column I* *(Ancient Temples)* | | *Column II* *(Locations)* |
|---|---|---|---|
| 1. | Deogarh | (i) | Tamil Nadu |
| 2. | Mahabalipuram | (ii) | Maharashtra |
| 3. | Kailashnatha | (iii) | Bihar |
| 4. | Barabar | (iv) | Uttar Pradesh |

Options :

(A) 1-(i), 2-(ii), 3-(iii), 4-(iv)

(B) 1-(ii), 2-(iii), 3-(iv), 4-(i)

(C) 1-(iv), 2-(i), 3-(ii), 4-(iii)

(D) 1-(iii), 2-(iv), 3-(i), 4-(ii)

17. Which of the following statements is ***not*** correct about the subsistence strategy of Harappa ?

(A) Terracotta sculpture of oxen indicates ploughing.

(B) Two sets of furrows at right angles indicate two cropping patterns.

(C) Traces of canals have been found at Shortughai, Afghanistan.

(D) Deep water reservoirs have been found in Sindh for irrigation.

18. Panini's book '*Ashtadhyayi*' is based on which of the following themes ?

(A) Puranas (B) Grammar

(C) Mathematics (D) Medicine (Ayurveda)

19. Identify the ancient dynasty with the help of the following information :

- They issued spectacular gold coins.
- Their history can be reconstructed through Prashastis.
- Harisena was the court poet of one of its rulers.

(A) Chola dynasty (B) Satavahana dynasty

(C) Kushana dynasty (D) Gupta dynasty



ZOLLEGE

**20.** मौर्य साम्राज्य से संबंधित निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

I. मगध के विकास के साथ-साथ मौर्य साम्राज्य का उदय हुआ ।

II. चन्द्रगुप्त मौर्य, मौर्य साम्राज्य के संस्थापक थे ।

III. कौटिल्य चन्द्रगुप्त मौर्य के उत्तराधिकारी थे ।

IV. अशोक चन्द्रगुप्त मौर्य के पुत्र थे ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(A) I और III (B) I और II

(C) III और IV (D) II और III

**21.** '*द स्टोरी ऑफ़ इण्डियन आर्कियोलॉजी*' पुस्तक के लेखक निम्नलिखित में से कौन है ?

(A) जॉन मार्शल (B) दया राम साहनी

(C) एस.एन. रॉय (D) आर.ई.एम. व्हीलर

## खण्ड ख

### (लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) *6×3=18*

**22.** (क) विजयनगर साम्राज्य के शासक के रूप में कृष्णदेव राय की भूमिका का विश्लेषण कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) विजयनगर साम्राज्य के सैन्य और प्रशासनिक ढाँचे में 'अमर-नायक प्रणाली' की परख कीजिए । *3*

**23.** "राजनीतिक और आर्थिक इतिहास का पूर्ण ज्ञान मात्र अभिलेख शास्त्र से नहीं मिलता है ।" इस कथन की व्याख्या उदाहरणों सहित कीजिए । *3*

**24.** (क) हड़प्पाई लिपि को एक रहस्यमय लिपि क्यों कहा जाता है ? स्पष्ट कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) हड़प्पा की जल निकासी प्रणाली को नियोजित और संपूर्ण क्यों माना जाता है ? स्पष्ट कीजिए । *3*

**25.** मुगल साम्राज्य में जंगलवासियों के जीवन का विश्लेषण कीजिए । *3*

**26.** 1813 की पाँचवीं रिपोर्ट की समालोचनात्मक परख कीजिए । *3*

**27.** 1857 के विद्रोह की स्मृति को जीवित रखने में कला और साहित्य की भूमिका का वर्णन कीजिए । *3*



ZOLLEGE

20. Read the following statements about the Mauryan Empire :

I. The growth of Magadha culminated in the emergence of the Mauryan Empire.

II. Chandragupta Maurya founded the Mauryan Empire.

III. Kautilya was the successor of Chandragupta Maurya.

IV. Asoka was the son of Chandragupta Maurya.

Which of the above statements are correct ?

(A) I and III (B) I and II

(C) III and IV (D) II and III

21. Who among the following is the author of the book '*The Story of Indian Archaeology*' ?

(A) John Marshall (B) Daya Ram Sahni

(C) S.N. Roy (D) R.E.M. Wheeler

## SECTION B

## (Short-Answer Type Questions) *6×3=18*

22. (a) Analyse the role of Krishnadeva Raya as the ruler of Vijayanagara empire. *3*

**OR**

(b) Examine the 'Amara-nayaka system' in the military and administrative structure of the Vijayanagara empire. *3*

23. "The epigraphy alone does not provide a full understanding of political and economic history." Explain the statement with examples. *3*

24. (a) Why is the Harappan script called an enigmatic script ? Explain. *3*

**OR**

(b) Why is the Harappan drainage system considered a planned and complete drainage system ? Explain. *3*

25. Analyse the life of forest dwellers in the Mughal Empire. *3*

26. Critically examine the Fifth Report of 1813. *3*

27. Describe the role of art and literature in keeping alive the memory of the Revolt of 1857. *3*



ZOLLEGE

## खण्ड ग

## (दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) *3×8=24*

**28.** (क) "इतिहासकारों ने महाभारत काल के दौरान पारिवारिक बंधनों के कई नियमों और विभिन्न प्रथाओं का अध्ययन किया है ।" इस कथन की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । *8*

**अथवा**

(ख) "ऐसे विभिन्न तत्त्व हैं जिन पर इतिहासकारों ने महाभारत का विश्लेषण किया है और इसे एक गतिशील ग्रंथ कहा है ।" इस कथन की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । *8*

**29.** (क) मध्यकालीन भारत में अलवारों और नयनारों द्वारा शुरू किए गए भक्ति आंदोलन की विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *8*

**अथवा**

(ख) सूफ़ीवाद की शिक्षाओं और प्रथाओं का वर्णन कीजिए । *8*

**30.** (क) "नमक सत्याग्रह ने जनता को सविनय अवज्ञा आंदोलन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया ।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । *8*

**अथवा**

(ख) "असहयोग आंदोलन की सफलता में जन भागीदारी ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई ।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । *8*

## खण्ड घ

## (स्रोत-आधारित प्रश्न) *3×4=12*

**31.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

### भारत के विषय में विचारों का निर्माण व प्रसार

भारत के विषय में विचारों का सृजन और प्रसार कर यूरोपीय यात्रियों के वृत्तांतों ने उनकी पुस्तकों के प्रकाशन और प्रसार के माध्यम से यूरोपीय लोगों के लिए भारत की एक छवि के सृजन में सहायता की । बाद में, 1750 के बाद, जब शेख इतिसमुद्दीन तथा मिर्ज़ा अबु तालिब जैसे भारतीयों ने यूरोप की यात्रा की तो उन्हें यूरोपीय लोगों की भारतीय समाज की छवि का सामना करना पड़ा और उन्होंने तथ्यों की अपनी अलग व्याख्या के माध्यम से इसे प्रभावित करने का प्रयास किया और भारत को महान राष्ट्र बताया ।



ZOLLEGE

## SECTION C

## (Long-Answer Type Questions) *3×8=24*

**28.** (a) "Historians have studied many rules and varied practices of familial ties during the Mahabharata period." Explain the statement with examples. *8*

**OR**

(b) "There are various elements on which historians have analysed Mahabharata and called it a dynamic text." Explain the statement with examples. *8*

**29.** (a) Describe the features of the Bhakti Movement led by the Alvars and Nayanars in medieval India. *8*

**OR**

(b) Describe the teachings and practices of Sufism. *8*

**30.** (a) "The Salt Satyagraha inspired masses to participate in the Civil Disobedience Movement." Justify the statement. *8*

**OR**

(b) "Mass participation played an important role in the success of the Non-Cooperation Movement." Justify the statement. *8*

## SECTION D

## (Source-Based Questions) *3×4=12*

**31.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**The creation and circulation of ideas about India**

The writings of European travellers helped produce an image of India for Europeans through the printing and circulation of their books. Later, after 1750, when Indians like Shaikh Itisamuddin and Mirza Abu Talib visited Europe and confronted this image that Europeans had of their society, they tried to influence it by producing their own version of matters and described India as a great nation.



ZOLLEGE

(31.1) शेख इतिसमुद्दीन और मिर्ज़ा अबु तालिब ने भारत के प्रति यूरोपीय संस्करण को किस प्रकार चुनौती दी ? *1*

(31.2) मध्यकालीन भारत पर यूरोपीय लेखकों द्वारा लिखी गई किसी एक पुस्तक का उदाहरण दीजिए । *1*

(31.3) यूरोपियों द्वारा प्रस्तुत भारत की छवि और भारतीयों के संस्करणों के बीच महत्त्वपूर्ण अंतर को स्पष्ट कीजिए । *2*

**32.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

हमने एक स्वतंत्र संप्रभु गणराज्य की स्थापना का दृढ़ और पवित्र संकल्प लिया है । भारत का संप्रभु होना नियत है । इसका स्वतंत्र होना और गणराज्य होना भी स्वाभाविक है... । कुछ मित्रों ने सवाल उठाया है : "आपने यहाँ 'लोकतांत्रिक' शब्द क्यों नहीं रखा ?" मैंने उन्हें कहा है कि निस्संदेह यह सोचा जा सकता है कि कोई गणराज्य लोकतांत्रिक न हो परंतु हमारा पूरा इतिहास इस तथ्य का साक्षी है कि हम लोकतांत्रिक संस्थाओं के ही पक्षधर हैं । स्वाभाविक है कि हमारा लक्ष्य लोकतंत्र है । लोकतंत्र से कम कुछ भी नहीं । यह लोकतंत्र कैसा होगा, उसकी शक्ल-सूरत कैसी होगी, यह एक अलग मसला है । आज के लोकतंत्रों ने दुनिया की प्रगति में जबरदस्त भूमिका निभाई है और उनमें से बहुत सारे यूरोप तथा अन्य स्थानों के देश हैं । परंतु यह संदेहजनक हो सकता है कि अगर उन्हें पूरी तरह लोकतांत्रिक बने रहना है तो न जाने कब उन लोकतंत्रों को अपनी शक्ल-सूरत थोड़ी बहुत बदलनी पड़ती । मैं आशा करता हूँ कि किसी कथित लोकतांत्रिक देश की एक खास लोकतांत्रिक प्रणाली या किसी संस्थान विशेष की हम सिर्फ नकल करने वाले नहीं हैं । हो सकता है कि हम उससे बेहतर कुछ रच दें । बहरहाल, किसी भी सूरत में, हम यहाँ जैसी चाहे सरकार बनाएँ, वह हमारे लोगों के स्वभाव के अनुरूप और उनको स्वीकार्य ज़रूर होनी चाहिए । हम लोकतंत्र के हक में हैं । यह इस सदन को तय करना है कि इस लोकतंत्र, पूर्णतम लोकतंत्र का स्वरूप कैसा होगा । सदन इस बात को देख सकता है यद्यपि इस प्रस्ताव में हमने "लोकतांत्रिक" शब्द का इस्तेमाल नहीं किया है क्योंकि हमें लगा कि यह तो स्वाभाविक ही है कि "गणराज्य" शब्द में यह शब्द पहले ही निहित होता है । इसलिए हम अनावश्यक और अनुपयोगी शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहते थे । हमने शब्दों के उपयोग मात्र से कहीं ज़्यादा ध्यान दिया है । हमने इस प्रस्ताव में लोकतंत्र की अंतर्वस्तु प्रस्तुत की है । बल्कि लोकतंत्र की ही नहीं, आर्थिक लोकतंत्र की अंतर्वस्तु प्रस्तुत की है ।

*स्रोत : संविधान सभा बहस (CAD),* खंड I



ZOLLEGE

(31.1) In what way did Shaikh Itisamuddin and Mirza Abu Talib challenge the version of Europeans towards India ? *1*

(31.2) Give any one example of a book authored by European writers on Medieval India. *1*

(31.3) Explain the significant difference between the image of India presented by Europeans and the versions of Indians. *2*

**32.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

We say that it is our firm and solemn resolve to have an independent sovereign republic. India is bound to be sovereign, it is bound to be independent and it is bound to be a republic … Now, some friends have raised the question : "Why have you not put in the word 'democratic' here. ?" Well, I told them that it is conceivable, of course, that a republic may not be democratic but the whole of our past is witness to this fact that we stand for democratic institutions. Obviously we are aiming at democracy and nothing less than a democracy. What form of democracy, what shape it might take is another matter. The democracies of the present day, many of them in Europe and elsewhere, have played a great part in the world's progress. Yet it may be doubtful if those democracies may not have to change their shape somewhat before long if they have to remain completely democratic. We are not going just to copy, I hope, a certain democratic procedure or an institution of a so-called democratic country. We may improve upon it. In any event whatever system of government we may establish here must fit in with the temper of our people and be acceptable to them. We stand for democracy. It will be for this House to determine what shape to give to that democracy, the fullest democracy, I hope. The House will notice that in this Resolution, although we have not used the word "democratic" because we thought it is obvious that the word "republic" contains that word and we did not want to use unnecessary words and redundant words, but we have done something much more than using the word. We have given the content of democracy in this Resolution and not only the content of democracy but the content, if I may say so, of economic democracy in this Resolution.

*Source : CONSTITUENT ASSEMBLY DEBATES (CAD),* VOL. I



Z@LLEGE

(32.1) स्रोत में व्यक्त 'दृढ़ और पवित्र संकल्प' का उल्लेख कीजिए । *1*

(32.2) स्रोत किस प्रकार लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता पर बल देता है ? *1*

(32.3) इस स्रोत में लोकतंत्र की व्याख्या गणतंत्र के संदर्भ में किस प्रकार की गई है ? *2*

**33.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**नियतिवादी और भौतिकवादी ?**

यहाँ हम *सुत्त पिटक* से लिया गया दृष्टांत दे रहे हैं । इसमें मगध के राजा अजातसत्तु और बुद्ध के बीच बातचीत का वर्णन किया गया है ।

एक बार राजा अजातसत्तु बुद्ध के पास गए और उन्होंने मक्खलि गोसाल नामक एक अन्य शिक्षक की बातें बताईं :

"हालाँकि बुद्धिमान लोग यह विश्वास करते हैं कि इस सद्गुण से... इस तपस्या से मैं कर्म प्राप्ति करूँगा... मूर्ख उन्हीं कार्यों को करके धीरे-धीरे कर्म मुक्ति की उम्मीद करेगा । दोनों में से कोई कुछ नहीं कर सकता । सुख और दुख मानो पूर्व निर्धारित मात्रा में माप कर दिए गए हैं । इसे संसार में बदला नहीं जा सकता । इसे बढ़ाया या घटाया नहीं जा सकता । जैसे धागे का गोला फेंक देने पर लुढ़कते-लुढ़कते अपनी पूरी लंबाई तक खुलता जाता है उसी तरह मूर्ख और विद्वान दोनों ही पूर्व निर्धारित रास्ते से होते हुए दु:खों का निदान करेंगे ।"

और अजीत केसकंबलिन् नामक दार्शनिक ने यह उपदेश दिया :

"हे राजन् ! दान, यज्ञ या चढ़ावा जैसी कोई चीज़ नहीं होती ... इस दुनिया या दूसरी दुनिया जैसी कोई चीज़ नहीं होती ...

मनुष्य चार तत्त्वों से बना होता है । जब वह मरता है तब मिट्टी वाला अंश पृथ्वी में, जल वाला अंश जल में, गर्मी वाला अंश आग में, साँस का अंश वायु में वापिस मिल जाता है और उसकी इंद्रियाँ अंतरिक्ष का हिस्सा बन जाती हैं ...

दान देने की बात मूर्खों का सिद्धांत है, खोखला झूठ है ... मूर्ख हो या विद्वान दोनों ही कट कर नष्ट हो जाते हैं । मृत्यु के बाद कोई नहीं बचता ।"

प्रथम गद्यांश के उपदेशक आजीविक परंपरा के थे । उन्हें अकसर नियतिवादी कहा जाता है – ऐसे लोग जो विश्वास करते थे कि सब कुछ पूर्व निर्धारित है । द्वितीय गद्यांश के उपदेशक लोकायत परंपरा के थे जिन्हें सामान्यत: भौतिकवादी कहा जाता है । इन दार्शनिक परंपराओं के ग्रंथ नष्ट हो गए हैं । इसलिए हमें अन्य परंपराओं से ही उनके बारे में जानकारी मिलती है ।

(33.1) कर्म पर मक्खलि गोसाल के विचारों का विश्लेषण कीजिए । *1*

(33.2) अजीत केसकंबलिन् ने मनुष्यों का प्रकृति के चार तत्त्वों के साथ संबंध को किस प्रकार वर्णित किया ? *1*

(33.3) इस स्रोत के संदर्भ में नियतिवादी और भौतिकवादी के विचारों में अंतर स्पष्ट कीजिए । *2*



Z0LLEGE

(32.1) Mention the 'firm and solemn resolve' expressed in the passage. *1*

(32.2) How does the passage emphasize the commitment to democracy ? *1*

(32.3) How is democracy explained in the context of republic in the passage ? *2*

**33.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**Fatalists and materialists ?**

Here is an excerpt from the *Sutta Pitaka*, describing a conversation between King Ajatasattu, the ruler of Magadha, and the Buddha :

On one occasion King Ajatasattu visited the Buddha and described what another teacher, named Makkhali Gosala, had told him :

"Though the wise should hope, by this virtue … by this penance I will gain karma … and the fool should by the same means hope to gradually rid himself of his karma, neither of them can do it. Pleasure and pain, measured out as it were, cannot be altered in the course of *samsara* (transmigration). It can neither be lessened or increased … just as a ball of string will when thrown unwind to its full length, so fool and wise alike will take their course and make an end of sorrow."

And this is what a philosopher named Ajita Kesakambalin taught :

"There is no such thing, O king, as alms or sacrifice, or offerings … there is no such thing as this world or the next …

A human being is made up of the four elements. When he dies the earthy in him returns to the earth, the fluid to water, the heat to fire, the windy to air, and his senses pass into space …

The talk of gifts is a doctrine of fools, an empty lie … fools and wise alike are cut off and perish. They do not survive after death."

The first teacher belonged to the tradition of the Ajivikas. They have often been described as fatalists : those who believe that everything is predetermined. The second teacher belonged to the tradition of the Lokayatas, usually described as materialists. Texts from these traditions have not survived, so we know about them only from the works of other traditions.

(33.1) Analyse the views of Makkhali Gosala on karma. *1*

(33.2) How did Ajita Kesakambalin describe the relations of human beings with the four elements of nature. *1*

(33.3) Differentiate between the views of a Fatalist and a Materialist in reference to this source. *2*



ZOLLEGE

## खण्ड ङ

## (मानचित्र-आधारित प्रश्न) *5*

**34.** (34.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 23 पर) में, निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) धोलावीरा – एक विकसित हड़प्पा पुरास्थल

(ii) उज्जैन – महाजनपद

(iii) (क) पानीपत – मुगलों के अधीन क्षेत्र

**अथवा**

(iii) (ख) गोलकोंडा

(34.2) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से संबंधित दो केन्द्रों को A और B से अंकित किया गया है । उन्हें पहचानिए और उनके निकट खींची गई रेखाओं पर सही नाम लिखिए । *2*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. **34** के स्थान पर हैं :*

(34.1) हड़प्पा काल के किन्हीं दो पुरास्थलों का उल्लेख कीजिए । *2*

(34.2) (क) मुग़लों के अधीन किसी एक क्षेत्र का उल्लेख कीजिए । *1*

**अथवा**

(34.2) (ख) विजयनगर साम्राज्य के किसी एक पड़ोसी राज्य का उल्लेख कीजिए । *1*

(34.3) भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के किन्हीं दो केन्द्रों का उल्लेख कीजिए । *2*



ZOLLEGE

## SECTION E
## (Map-Based Questions) *5*

**34.** (34.1) On the given political outline map of **India** (on page 23), locate and label the following with appropriate symbols : *3×1=3*

(i) Dholavira – A Matured Harappan site

(ii) Ujjain – Mahajanapada

(iii) (a) Panipat – Territory under the Mughals

**OR**

(iii) (b) Golconda

(34.2) On the same outline map, two centres related to the Indian National Movement are marked as A and B. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. *2*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates,*** *only in lieu of Q. No.* ***34*** *:*

(34.1) Mention any two Harappan sites. *2*

(34.2) (a) Mention any one territory under the control of the Mughals. *1*


**OR**

(34.2) (b) Mention any one neighbouring state of the Vijayanagara empire. *1*

(34.3) Mention any two centres of the Indian National Movement. *2*

ZOLLEGE

प्रश्न सं. 34 के लिए For question no. 34






ZOLLEGE